Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006

Participants : Ajgalle Shri Guharam

an>

Title : Non-availability of BSNL Sim Cards in some districts of Chhattisgarh.

श्री गुहाराम अजगल्ले (सारंगढ़) : सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ में बी.एस.एन.एल. की मोबाइल के सिमकार्ड का अभाव है। इन कार्डों के नहीं मिलने के कारण जनता मजबूरी में निजी मोबाइल कंपनियों के सिमकार्ड खरीदती है जिसके कारण लोगों को अधिक धनराशि देनी पड़ती cè[rpm94]।

महोदय,मुझे लगता है कि बीएसएनएल के ऊंचे अधिकारी निजी कम्पनियों की मोबाइल सेवाओं को प्रोत्साहन दे रहे हैं। इसी कारण से जान-बूझकर बीएसएनएल के सिम कार्डों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे जनता के पास निजी कम्पनियों के सिमकार्डों को खरीदने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं रह जाता है। निजी कम्पनियों की मोबाइल सेवा नगर और कस्बों में जैसे ही प्रारम्भ की जाती है, वहां बीएसएनएल की लाइनों और नेटवर्कों में खराबी आ जाती है ताकि मजबूरी में जनता निजी कम्पनियों की मोबाइल सेवा लेने के लिए बाध्य हो सके। ऐसे गलत तरीकों से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि बीएसएनएल के ऊंचे अधिकारियों पर ि वशो नियंत्रण रखा जाए। अधिकारियों को स्पट निर्देशित किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ की अधिक से अधिक जनता बीएसएनएल की मोबाइल सेवा से लाभान्वित हो सके।